प्रादेशिक समाचार
दिनांक–29.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से स्वच्छता, जल संरक्षण और एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा बनकर जनआंदोलन बनाने का किया आह्वान।
2- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग की धरती से प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना का शुभारंभ करने समेत कई योजनाओं की देंगे सौगात।
3- भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलामू के परिवर्तन यात्रा में कहा– झारखंड में गठबंधन नहीं ठगबंधन की चल रही है सरकार।
4- केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने हेमंत सरकार पर राज्य के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का लगाया आरोप।
5- रांची में चल रही ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में झारखंड के तीन खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर अगले चरण में किया प्रवेश।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया. श्री मोदी ने लोगों से कहा कि वे इसे अपनी आदत में शामिल करें। प्रधानमंत्री आज आकाशवाणी पर मन की बात के 114वें एपिसोड में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचारों को साझा कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उन लोगों की सराहना की जिन्होंने इस मिशन को एक जन आंदोलन में बदल दिया।
जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के प्रयास देश के हर कोने में होने चाहिए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोगों को मेगा वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, इससे पूरे समाज के लिए आश्चर्यजनक परिणाम मिलते हैं जो वास्तव में प्रेरणादायक है।
मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, देश में बीस हजार भाषाएं और बोलियां हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इनोवेशन की मदद से संथाली को नई पहचान दिलाने का अभियान शुरू किया गया है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन अक्टूबर को मन की बात कार्यक्रम के 10 साल पूरे हो रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग की धरती से प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना का शुभारंभ करेंगे। सत्रह विभागों की भागीदारी से यह योजना देशभर के तिरसठ हजार आदिवासी बहुल गांवों में संचालित होगी। झारखंड में इस योजना के तहत भगवान बिरसा मुंडा से जुड़े स्थलों को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री हजारीबाग में आय़ोजित कार्यक्रम मे जनजातीय समाज के प्रमुख लोगों से भी संवाद करेंगे।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमन्त सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में गठबंधन नहीं ठगबंधन की सरकार है। पलामू परिवर्तन रैली के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार ने पांच वर्षों तक राज्य की जनता को ठगने का काम किया है। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर एक–एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा।
इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने बालू, पत्थर और जमीन लूटने का काम किया है।

****

केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने हेमन्त सरकार पर युवाओं को रोजगार देने की बजाय उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। श्री उरांव रांची के नगड़ी में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा का झारखंड भगवान बिरसा मुंडा की धरती है, लेकिन हेमन्त सरकार आदिवासियों के गौरव और भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

****

राजधानी रांची के धुर्वा स्थित एक बैंक में झारखंड पर्यटन विकास निगम के नाम से फर्जी बैंक खाता खोलकर लगभग साढ़े दस करोड़ रुपए की निकासी किए जाने का मामला सामने आया है। पर्यटन विभाग की सचिव अंजली यादव द्वारा की गई जांच के बाद धुर्वा थाने में झारखंड पर्यटन विकास निगम के दो अधिकारियों तथा एक बैंक अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

****

जामताड़ा जिले में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरुक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

****

आज दुनिया भर में विश्व हृदय दिवस मनाया जा रहा है। हर साल 29 सितंबर को हृदय रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और विश्व स्तर पर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है– यूज़ हार्ट फॉर एक्शन।

****

राजधानी रांची के खेल गांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में चल रही ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में झारखंड के एस रमेश, राजवीर और प्रिंस ने जीत दर्ज कर अगले चरण में प्रवेश किया। इस चैंपियनशिप के तीसरे दिन बालक वर्ग में इकतीस और बालिकाओं की श्रेणी में छब्बीस मैच खेले गए।

********समाप्त*******